IIM रायपुर में 14.5 प्रतिशत स्टूडेंट्स आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी से, पिछले साल से दोगुना हुआ आंकड़ा

# बिजनेस मैनेजमेंट भी सीखेंगे 55% इंजीनियर्स

**CB EXCLUSIVE**

**गिरीश वर्मा**. रायपुर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर में एडमिशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस बार देशभर के 21 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों से 353 स्टूडेंट्स ने आईआईएम रायपुर में एडमिशन लिया है। खास बात यह है कि 353 स्टूडेंट्स में 55.5 प्रतिशत इंजीनियरिंग डोमेन से हैं। इनमें से भी 14.5 प्रतिशत स्टूडेंट्स आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी और आईआईएम और अन्य शीर्ष संस्थानों से हैं जो आईआईएम रायपुर में एमबीए के नए बैच ने नेतृत्व की अपनी यात्रा शुरुआत कर रहे हैं। इस बार स्टूडेंट्स में शैक्षणिक संतुलन भी देखने को मिला। क्योंकि 55.5 प्रतिशत इंजीनियर के साथ 44.5 प्रतिशत गैर-इंजीनियर स्टूडेंट्स है। स्टूडेंट्स को प्रमुख क्षेत्रों में औसतन 23 महीने का एक्सपीरियंस है।

## आईआईटी, एनआईटी के स्टूडेंट्स हुए दोगुने



2024–26 के बीच, 26 स्टूडेंट्स (7.57 प्रतिशत) ने एनआईटी तिरुचिरापल्ली, एनआईटी राउरकेला, वीएनआईटी नागपुर और आईआईटी गुवाहाटी जैसे संस्थानों से अध्ययन कर चुके हैं। वहीं इस बार बैच 2025-27 के 14.5 प्रतिशत स्टूडेंट्स आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी, जैसे बड़े टेक्निकल इंस्टीट्यूट से हैं। तकनीकी कौशल के साथ व्यवसायिक कौशल सीखने के लिए ज्यादातर इंजीनियर्स एमबीए कर रहे हैं। यह ट्रेंड साल दर साल बढ़ता जा रहा है। इसके साथ इस बार कामर्स, ह्यूमिनिटी, लॉ, डेंटल, एमबीबीएस और मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स भी बढ़े हैं।

## जानिए 4 सालों में कैसा रहा एडमिशन

| साल | स्टडेंट्स | इंजीनियर्स | नॉन इंजीनियर्स | एक्सपीरियंस | राज्यानुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025-26 | 353 | 196 | 157 | 23 महीना | 21 राज्य, 3 केंद्रशासित प्रदेश। |
| 2023-24 | 388 | 136 | 252 | 30 महीना | 22राज्य,4केंद्रशासित प्रदेश। |
| 2022-23 | 338 | 139 | 191 | 31 महीना | 22राज्य,4केंद्रशासित प्रदेश। |
| 2021-22 | 266 (pgp) | 130 | 136 | 18 महीना | 21 राज्य,2 केंद्रशासित प्रदेश। |

2024-25 के एडमिशन से संबंधित जानकारी अभी जारी नहीं की गई है

## आखिर इंजीनियर्स क्यों कर रहे एमबीए

**1. बिजनेस स्किल**
बिजनेस स्किल जैसे मैनेजमेंट, मार्केटिंग, फाइनेंस और लीडरशिप को विकसित करने।

**2. करियर ग्रोथ**
एमबीए करने से इंजीनियर्स को करियर में ग्रोथ करने और उच्च पदों पर पहुंचने में मदद मिलती है।

**3. नेटवर्किंग**
इंजीनियरों को व्यवसायिक नेटवर्क बनाने और उद्योग के पेशेवरों से जुड़ने का अवसर मिलता है।




**4. आंत्रेप्रेन्योरशिपः** इंजीनियर्स को उद्यमिता के अवसर और खुद के व्यवसाय शुरू करने में मदद सकती है।

## बैच 2025-27 की मुख्य बातें

**353** स्टूडेंट्स है, जिनमें 21 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के स्टूडेंट्स।

**196** इंजीनियर और 157 गैर-इंजीनियरिंग डोमेन के हैं स्टूडेंट

**14.5** प्रतिशत स्टूडेंट्स आईआईटी, एनआईटी, आईआईएसईआर, ट्रिपल-आईटी और आईआईएम से

**23** माह का कार्यानुभव है औसतन

छात्रों की पृष्ठभूमि में इस बार इंजीनियरिंग के साथ वाणिज्य, विज्ञान और लिबरल आर्ट्स शामिल हैं। यह विविधता आकस्मिक नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण है। तकनीकी दक्षता के साथ-साथ नैतिक स्पष्टता, रणनीतिक दृष्टिकोण और एक उद्देश्य इंस्टीट्यूट में मिलेगा।
**- प्रो. राम कुमार काकानी,**
डायरेक्टर, आईआईएम रायपुर

Dainik Bhaskar, 18 July 2025, O. 02 (City Bhaskar)